कमल संदेश
वर्ष 1, अंक 21 नई दिल्ली
16 मई 2020 (सायं 5 बजे)
दैनिक बुलेटिन
www.kamalsandesh.org

ट्रंप ने कहा- भारत को देंगे वेंटिलेटर्स
मोदी बोले- धन्यवाद राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रम्प ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में भारत-अमेरिका साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया है। श्री ट्रम्प ने 15 मई को कहा, "मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका अपने दोस्त भारत को कुछ वेंटिलेटर डोनेट करेगा। महामारी के समय में हम भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। हम कोरोना का टीका विकसित करने की दिशा में भी सहयोग कर रहे हैं। दोनों देश साथ मिलकर इस अदृश्य दुश्मन को हराएंगे।" राष्ट्रपति श्री ट्रम्प ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर श्री ट्रम्प को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि इस महामारी से हम सब मिलकर लड़ रहे हैं। ऐसे समय में यह बेहद जरूरी है कि सभी देश एक साथ आएं और दुनिया को स्वस्थ और कोरोना मुक्त बनाने के लिए जितना संभव हो, मदद करें। भारत और अमेरिका की दोस्ती बेहद मजबूत है। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रम्प के अनुरोध पर पिछले महीने भारत ने कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए अमेरिका को 50 मिलियन से अधिक हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन की गोलियां भेजी थीं।

‘आत्मनिर्भर भारत’ को साकार करने के लिए मिलकर काम करें: जगत प्रकाश नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 15 मई, 2020 को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में त्रिपुरा एवं ओडिशा के भाजपा जिला पंचायत अध्यक्षों के साथ कोविड-19 को लेकर चर्चा की। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा #आत्मनिर्भर_देश के लिए 20 लाख करोड़ के पैकेज की घोषणा की गई है, हम सभी को मिलकर उसी दिशा में काम करना है।

- प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए श्री नड्डा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पार्टी के कार्यकर्ता देश में कोविड-19 को हराने के लिए किस प्रकार समर्थन अभियान चलाएं।
- पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि #आत्मनिर्भर भारत हमारे प्रधानमंत्री का उद्देश्य है और हम सभी को एक साथ मिलकर इसे एक वास्तविकता बनाने के लिए एक ही दिशा में काम करना होगा।

कमल संदेश

कोविड-19 पर अपडेट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE

- दुनिया भर में कोविड -19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 42,48,389 है; 2,94,046 लोगों की मौत हुई है तथा मृत्यु दर 6.92% आंकी गई है, जबकि भारत में, कोविड -19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 81,970 है; 2,649 लोगों की मौत हुई है तथा मृत्यु दर 3.23% आंकी गई है।
- अब तक कुल 27,920 लोग ठीक हो चुके हैं। यदि पिछले 24 घंटों में देखा जाए तो 1,685 मरीज ठीक हुए हैं। मरीजों के ठीक होने की दर 34.06% है।
- वर्तमान में कुल 8,694 सुविधाएं हैं, जिनमें 919 समर्पित कोविड अस्पताल, 2,036 कोविड स्वास्थ्य केंद्र और 5,739 कोविड देखभाल केंद्र शामिल हैं। इनमें गंभीर मामलों के लिए कुल 2,77,429 बेड, 29,701 आईसीयू बेड और 5,15,250 आइसोलेशन बेड उपलब्ध हैं।
- अभी देश में कोविड-19 का मुकाबला करने के लिए 18,855 वेंटिलेटर उपलब्ध हैं। केंद्र ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/केंद्रीय संस्थानों को 84.22 लाख एन95 मास्क और 47.98 लाख व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) भी प्रदान किए हैं। घरेलू निर्माता प्रति दिन लगभग 3 लाख पीपीई और प्रति दिन लगभग 3 लाख एन95 मास्क का उत्पादन कर रहे हैं। (15 मई को जारी)

कमल संदेश

भारतीय तटरक्षक बल के पोत ‘सचेत’ और दो अवरोधक नौकाओं का जलावतरण

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 15 मई को नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गोवा में भारतीय तटरक्षक बल के पोत (आईसीजीएस) ‘सचेत’ और दो अवरोधक नौकाओं (आईबी) सी-450 और सी-451 का जलावतरण किया। ‘आईसीजीएस सचेत’ पांच अपतटीय गश्ती पोतों (ओपीवी) की शृंखला में पहला है और इसे गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा देश में ही डिजाइन एवं निर्मित किया गया है तथा इसे अत्याधुनिक नौवहन एवं संचार उपकरणों से सुसज्जित किया गया है।

श्री राजनाथ सिंह ने डिजिटल माध्यम से जलावतरण की इस पहल के लिए आईसीजी और जीएसएल की सराहना करते हुए कहा, ‘‘इन पोतों का जलावतरण भारत की तटीय क्षमता निर्माण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके अलावा, कोविड-19 जैसी चुनौतियों के बावजूद यह देश की सुरक्षा एवं हिफाजत के लिए हमारी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। ‘हमारे समुद्री रक्षक’, आईसीजी और भारतीय जहाज निर्माण उद्योग की बढ़ती ताकत देश के लिए गर्व की बात है।’’

संस्कृति पर्व पत्रिका के विशेषांक 'भारत 1946-2020, नोआखाली से दिल्ली तक' के ई-संस्करण का लोकार्पण



केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 15 मई को वीडियो काफ्रेंसिंग के द्वारा संस्कृति पर्व पत्रिका के विशेषांक 'भारत 1946-2020, नोआखाली से दिल्ली तक' के ई-संस्करण का लोकार्पण किया। इस विशेषांक में भारत रत्न महामना श्री मदन मोहन मालवीय जी का अंतिम वक्तव्य, जो 1946 के कल्याण विशेषांक में छपा था, उसे पुनः प्रकाशित किया जा रहा है।

- श्री अमित शाह ने इस मौके पर कहा कि संस्कृति पर्व पत्रिका भारतीय संस्कृति, दर्शन, साहित्य एवं अध्यात्म के विषयों पर केन्द्रित है। देश मे विगत कुछ महीनों में ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनके कारण यह विशेषांक विशेष वाचनीय है।
- श्री शाह ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार ने जिस तरह गीता प्रेस से कल्याण का प्रकाशन किया, उसी तरह संस्कृति पर्व उनकी जैसी विचार शैली और आध्यात्मिक पत्रकारिता को आगे बढ़ा रहा है।

कृषि, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टरों के लिए अहम उपायों की घोषणा

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 15 मई को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कृषि, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टरों के लिए कृषि अवसंरचना लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने, क्षमता निर्माण, गवर्नेंस और प्रशासनिक सुधारों के लिए अहम उपायों के तीसरे भाग की घोषणा की।

- किसानों के लिए फार्म-गेट अवसंरचना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कृषि अवसंरचना कोष
- सूक्ष्म खाद्य उद्यमों (एमएफई) को औपचारिक रूप देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये की योजना
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के जरिए मछुआरों के लिए 20,000 करोड़ रुपये
- पशुपालन अवसंरचना विकास कोष बनाना - 15,000 करोड़ रुपये
- हर्बल खेती को बढ़ावा: 4,000 करोड़ रुपये का परिव्यय
- मधुमक्खी पालन की पहल - 500 करोड़ रुपये
- 'टॉप' से 'टोटल' तक - 500 करोड़ रुपये
- कृषि क्षेत्र के लिए गवर्नेंस और प्रशासनिक सुधार के लिए उपाय
- किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन
- किसानों को विपणन के विकल्प प्रदान करने के लिए कृषि विपणन सुधार

कमल संदेश

भारतीय रेलवे ने श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के जरिए अपने मिशन 'घर वापसी' को गति दी

गृह मंत्रालय के आदेश के बाद रेलवे ने लॉकडाउन के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे प्रवासी श्रमिकों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य व्यक्तियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए 'श्रमिक दिवस' के अवसर पर 01 मई 2020 से 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है।

- 1 मई 2020 को सिर्फ 4 ट्रेनों से शुरुआत करने के बाद भारतीय रेलवे ने 15 दिन से भी कम अर्से में 1000 से अधिक ऐसी श्रम शक्ति ट्रेनों का परिचालन करने में कामयाबी हासिल की। 14 मई 2020 को एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विभिन्न राज्यों से कुल 145 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों का परिचालन किया गया जिन्होंने 2.10 लाख से अधिक यात्रियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाया।
- गौरतलब है कि श्रमिक ट्रेनों ने 1 मई 2020 को मात्र लगभग 5000 यात्रियों के साथ परिचालन शुरू किया था।
- अब तक इन 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों से 12 लाख से अधिक यात्री अपने गृह राज्यों में पहुंच चुके हैं।

कमल संदेश

twitter

@narendramodi

वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा आज (15 मई) की घोषणाओं से हमारे किसानों और प्रवासी श्रमिकों को विशेष रूप से लाभ होगा। घोषणाओं में प्रगतिशील उपायों की एक शृंखला शामिल है और खाद्य सुरक्षा, किसानों के साथ-साथ पटरी-रेहड़ी वालों के ऋण को बढ़ावा मिलेगा। #आत्मनिर्भर भारत पैकेज

@jpnadda

आज (15 मई) की घोषणाओं से किसानों को बहुत लाभ होगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। फार्मगेट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1 लाख करोड़ का फंड, स्थानीय कृषि उपज के वैश्विक विपणन के लिए एक योजना, हर्बल खेती करने वालों, फल और सब्जी उगाने वाले, मधुमक्खी पालने वाले, मछली पालन, डेयरी आदि को लाभ पहुंचाने के लिए नई योजनाएं।

@blsanthosh

फार्म गेट और एग्रीगेशन पॉइंट्स पर कृषि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक लाख करोड़ रुपये की वित्तपोषण सुविधा प्रदान की जाएगी। @एनसीतारमण #आत्मनिर्भर देश

कमल संदेश

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

नोवल कोरोनावायरस रोग (COVID-19)

Help us to help you

इन आदतों को अपनाएं

यात्रा तभी करें, जब बहुत ज़रूरी हो

हमें मिलकर COVID-19 से लड़ना है

COVID-19 संबंधित जानकारी के लिए
राज्य हेल्पलाइन नंबरों या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के 24×7 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करे
1075 (टोल फ्री), ई-मेल करें: ncov2020@gov.in , ncov2020@gmail.com

mohfw.gov.in @MoHFWIndia @MoHFW_INDIA @mohfwindia mohfwindia

आर्थिक योगदान हेतु अपील

खाता का नाम :
PM CARES
खाता संख्या :
2121PM20202
IFSC कोड :
SBIN0000691
Swift कोड :
SBININBB104
बैंक शाखा :
भारतीय स्टेट बैंक
नई दिल्ली मुख्य शाखा

Donate Now

Aarogya Setu
मैं सुरक्षित | हम सुरक्षित | भारत सुरक्षित

Download

COVID-19 INDIA

as on : 16 May 2020, 17:00 GMT+5:30

53035	30152	2752	1
Active Cases	Cured / Discharged	Deaths	Migrated

संपादकीय

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने उत्तर प्रदेश में एक सड़क दुर्घटना में प्राण गंवाने वाले मजदूरों के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस दुःख की घड़ी में हम उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 20 लाख करोड़ रुपये का पैकेज के तीसरे भाग में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 15 मई 2020 को कृषि क्षेत्र की मजबूती तथा किसानों के सशक्तिकरण के लिए अनेक निर्णयों की घोषणा की। कृषि आधारभूत ढांचा कोष के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के प्रावधान से कृषि क्षेत्र में कई तरह की सहायक अवसंरचना के निर्माण में सहायता मिलेगी, जिससे किसानों के लिए कई आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सूक्ष्म खाद्य उपक्रमों (एमएफई) के औपचारिकरण के लिए 10,000 करोड़ रुपये की योजना से खाद्य मानकों को हासिल करने, ब्रांड खड़ा करने और विपणन के लिए तकनीक उन्नयन में सहायता मिलेगी, जिससे स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग हो पायेगी। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के माध्यम से 5 साल में 70 लाख टन अतिरिक्त मछली उत्पादन, 55 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार और निर्यात दोगुना होकर 1,00,000 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाने के लक्ष्य के साथ मछुआरों के लिए 20,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, पशुपालन बुनियादी ढांचा विकास कोष, औषधीय या हर्बल खेती को प्रोत्साहन, मधुमक्खी पालन संबंधी पहल,'टॉप' से 'टोटल' जैसी योजनाओं से कृषि क्षेत्र में अवश्य ही एक नई क्रांति का सूत्रपात होगा।

ये योजनाएं निश्चय ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'वैश्विक पहुंच के साथ वोकल फॉर लोकल' के आह्वान के अनुरूप हैं। इन कदमों से आत्मनिर्भर भारत अभियान और भी अधिक सुदृढ़ हुआ है।

- shivshaktibakshi@kamalsandesh.org

कमल संदेश

संपादक: प्रभात झा, **कार्यकारी संपादक:** डॉ. शिव शक्ति बक्सी

सह संपादक: संजीव कुमार सिन्हा, राम नयन सिंह

कला संपादक: विकास सैनी, भोला राय

डिजिटल मीडिया: राजीव कुमार, विपुल शर्मा

सदस्यता एवं वितरण: सतीश कुमार

दूरभाष : 011-23381428 ई-मेल : mail.kamalsandesh@gmail.com